Uturn Time 01 Feb 2026_Layout 2 01-02-2026 23:48 Page 1

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 21 | MONDAY 02-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



होते हैं कितने चतुर, सभी मिलावटखोर।
इनके आगे फेल हैं, अच्छे-अच्छे चोर।
अच्छे-अच्छे चोर, बनाते बड़े बहाने।
सरसों में हैं किये, मिक्स मिट्टी के दाने।
कह साहिल कविराय, कभी ना मौका खोते।
सभी मिलावटखोर, चतुर कितने ये होते।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल











We extend our heartfelt **Thanks** to

## Shri Sanjeev Arora

**Cabinet Minister Govt. of Punjab &**
**Former Rajya Sabha MP**

for his continued dedication and tireless efforts since 2022 toward the start of Halwara Airport




Apex Chamber of Commerce & Industry (Pb.)

G13 Bicycle Fourm

Punjab Hotel Association

Chamber of Industrial & Commercial Undertakings

Federation of Industrial & Commercial Organisation

Plastic Merchant's Welfare Association (Regd.)

Mandi Kesar Ganj Welfare Association

Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with

Hot Breads

0161-4603333, 5012222



2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH

*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW T&C

FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com

All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# बजट 2026: क्या महंगा होगा, क्या सस्ता?

चंडीगढ़/यूटर्न/1 फरवरी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को केंद्रीय बजट 2026 पेश किया। यह उनका लगातार नौवां बजट था, जो आर्थिक विकास को तेज करने और बनाए रखने के लिए तीन कर्तव्यों से प्रेरित था। मंत्री की नीतिगत घोषणाओं के परिणामस्वरूप कई चीजों की कीमतों में कमी आई है। सरकार ने 17 जरूरी कैंसर दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी माफ करके कैंसर मरीजों को लक्षित राहत देने की घोषणा की है, जिसका मकसद इलाज की लागत को कम करना है। इसने 2035 तक न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट्स के लिए आयात पर कस्टम ड्यूटी भी माफ कर दी है। हालांकि, इनकम टैक्स देने वाले, जो टैक्स छूट या स्टैंडर्ड डिडक्शन में बदलाव की उम्मीद कर रहे थे, उन्हें कोई राहत नहीं मिली।



### क्या महंगा होगा?

1. इनकम टैक्स की गलत रिपोर्टिंग - टैक्स की रकम के 100 प्रतिशत के बराबर जुमार्ना
2. चल संपत्ति का खुलासा न करना
3. स्टॉक ऑप्शन और फ्यूचर्स ट्रेडिंग
4. कोयला
5. कॉफी और वेंडिंग मशीनें

### क्या सस्ता होगा?

1. विदेशी टूरिज्म पैकेज
2. विदेशी शिक्षा
3. कैंसर की दवाएं
4. अल्कोहलिक शराब का स्क्रैप और कुछ खनिज
5. जूते-चप्पल
6. एनर्जी ट्रांज़िशन उपकरण
7. चमड़े का सामान
8. माइक्रोवेव ओवन
9. टीवी उपकरण
10. कैमरे
11. वीडियो गेम्स के मैन्युफैक्चरिंग पार्ट्स
12. 2035 तक न्यूक्लियर पावर प्रोजेक्ट्स के लिए सामान का आयात

## केंद्रीय बजट: विकास, समावेशन और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त रोडमैप - राकेश कपूर



लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। पंजाब भाजपा के मीडिया पैनलिस्ट राकेश कपूर ने रविवार को प्रस्तुत केंद्रीय बजट का स्वागत करते हुए कहा कि यह बजट भारत की आर्थिक मजबूती, वित्तीय अनुशासन और समावेशी विकास के प्रति केंद्र सरकार की स्पष्ट एवं दूरदर्शी सोच को दशार्ता है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद यह बजट विकास और स्थिरता के बीच संतुलन बनाते हुए देश को दीर्घकालिक प्रगति की दिशा में आगे ले जाने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में मध्यम वर्ग को दी गई कर राहत और कर प्रणाली के सरलीकरण से घरेलू खपत, बचत और निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही सड़क, रेलवे, आवास, शहरी विकास और लॉजिस्टिक्स जैसे बुनियादी ढांचे पर निरंतर जोर से रोजगार सृजन होगा और आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। राकेश कपूर ने बताया कि कृषि और ग्रामीण विकास के लिए बढ़ा हुआ समर्थन, सिंचाई योजनाएं, कृषि-तकनीक और किसान ऋण पर विशेष ध्यान ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा। वहीं एमएसएमई, स्टार्टअप और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए घोषित प्रोत्साहन उपाय मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को और सशक्त बनाएंगे।

## 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा नया आयकर कानून, टैक्स सिस्टम होगा आसान

नई दिल्ली,यूटर्न, 01 जनवरी। केंद्र सरकार ने पुराने इनकम टैक्स एक्ट 1961 की जगह नया इनकम टैक्स एक्ट 2025 लागू करने का ऐलान किया है, जो 1 अप्रैल 2026 से पूरे देश में प्रभावी होगा। इसके तहत सैलरीड क्लास, व्यापारी, प्रोफेशनल, सीनियर सिटीजन और निवेशक सभी इसी नए कानून के तहत टैक्स देंगे। सरकार का उद्देश्य भाषा को सरल बनाना, धाराएं कम करना और अनुपालन को आसान करना है, न कि टैक्स बढ़ाना। नए कानून में 'असेसमेंट ईयर' और 'प्रीवियस ईयर' की व्यवस्था खत्म कर दी गई है और अब सिर्फ 'टैक्स ईयर' होगा। यानी आय कमाने और टैक्स भरने का साल एक ही रहेगा। उदाहरण के तौर पर 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 की आय को टैक्स ईयर 2026-27 माना जाएगा और उसी के लिए रिटर्न भरा जाएगा। इसके अलावा यदि कोई नया व्यवसाय या प्रोफेशन बीच साल में शुरू होता है तो टैक्स ईयर पूरा 12 महीने का नहीं होगा, बल्कि शुरू होने की तारीख से लागू होगा। सीए संजीव जैन, एस. जैन एंड कंपनी के अनुसार नया कानून टैक्सपेयर्स के लिए सिस्टम को सरल, पारदर्शी और समझने में आसान बनाएगा।



## टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं, नया कानून 1 अप्रैल से लागू होगा

चंडीगढ़/यूटर्न/1 फरवरी। रविवार को संसद में अपना लगातार नौवां केंद्रीय बजट पेश करते हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की कि नया आयकर अधिनियम 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा। हालांकि, टैक्सपेयर्स की उम्मीदों के विपरीत, सीतारमण ने इस साल इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया। सीतारमण ने यह भी प्रस्ताव दिया कि मामूली फीस के भुगतान पर क-ळ रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी जाएगी। वित्त मंत्री ने लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम के तहत शिक्षा और मेडिकल शिक्षा के लिए ळउर (टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स) दर को 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करने का भी प्रस्ताव दिया।




### विदेशी टूर पैकेज की टीसीएम घटाई

इसके अलावा, उन्होंने कहा कि विदेशी टूर पैकेज की बिक्री पर ळउर दर भी 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दी जाएगी। पहले यह दर 20 प्रतिशत थी। पिछले कुछ सालों में, आयकर प्रणाली में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। स्वतंत्रता के बाद के युग में, आयकर में 11 टैक्स स्लैब थे, और वर्तमान में, केंद्रीय बजट 2025 में पेश किए गए नए टैक्स रिजीम के तहत केवल सात टैक्स स्लैब हैं।

### आयकर २०२६ की मुख्य बातें

- नया आयकर अधिनियम, 2025, 1 अप्रैल, 2026 से लागू होगा, जो छह दशक पुराने टैक्स कानून की जगह लेगा।
- मामूली फीस के भुगतान पर आयकर (I-T) रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 31 दिसंबर से बढ़ाकर 31 मार्च कर दी गई है।
- मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण द्वारा किसी व्यक्ति को दिया गया ब्याज आयकर से मुक्त होगा, और इस पर कोई TDS भी नहीं लगेगा।
- विदेशी टूर प्रोग्राम पैकेज की बिक्री पर TCS दर 5 प्रतिशत और 20 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दी गई है।
- लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (LRS) के तहत शिक्षा और चिकित्सा उद्देश्यों के लिए ळउर दर 5 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत कर दी गई है।
- कैंसर की दवाओं सहित सत्रह दवाएं सस्ती होंगी। सीतारमण ने 7 और दुर्लभ बीमारियों की दवाओं पर आयात शुल्क में छूट का भी प्रस्ताव दिया। - एक नॉन-रेजिडेंट द्वारा अचल संपत्ति की बिक्री पर TDS को TAN की जरूरत के बजाय रेजिडेंट खरीदार के PAN-आधारित चालान के माध्यम से काटने और जमा करने का प्रस्ताव है।
- छोटे टैक्सपेयर्स, जैसे छात्रों और विदेश में रहने वाले NRIs के लिए एक निश्चित साइज से कम आय या संपत्ति का खुलासा करने के लिए एक बार की छह महीने की विदेशी संपत्ति प्रकटीकरण योजना प्रस्तावित है।

### आयकर स्लैब २०२६ में बदलाव नहीं, नई व्यवस्था के तहत टैक्स स्लैब

- 0 से 4 लाख : शून्य
- 4 से 8 लाख : 5%
- 8 से 12 लाख : 10%
- 12 से 16 लाख : 15%
- 16 से 20 लाख : 20%
- 20 से 24 लाख : 25%
- 24 लाख से ऊपर : 30%

### पुरानी टैक्स व्यवस्था के तहत टैक्स स्लैब

- 2.5 लाख तक : शून्य
- 2.5 लाख से 5 लाख : 5%
- 5 लाख से 10 लाख : 20%
- 10 लाख से ऊपर : 30%

### आयकर पर अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

- पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच अंतर : पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था में टैक्स स्लैब और दरें अलग-अलग हैं। जबकि पुरानी टैक्स व्यवस्था में विभिन्न कटौतियों और छूटों की अनुमति है, नई व्यवस्था कम टैक्स दरें प्रदान करती है, लेकिन सीमित कटौतियों और छूटों की अनुमति देती है।
- **कौन सी बेहतर है? पुरानी टैक्स व्यवस्था या नई टैक्स व्यवस्था :** टैक्स व्यवस्था का चुनाव पूरी तरह से टैक्सपेयर की आय के स्रोत और कटौतियों के लिए पात्रता पर निर्भर करता है। सलाह दी जाती है कि किसी विशेष व्यवस्था को चुनने से पहले टैक्सपेयर द्वारा तुलनात्मक मूल्यांकन और विश्लेषण किया जाए।
- **क्या टैक्सपेयर पुरानी और नई टैक्स व्यवस्था के बीच स्विच कर सकते हैं :** आयकर विभाग के अनुसार, व्यवसाय या पेशेवर आय वाले व्यक्ति, HUF, AOP (सहकारी समितियां नहीं), इडकया कृत्रिम न्यायिक व्यक्ति हर साल दोनों व्यवस्थाओं के बीच चयन करने के योग्य नहीं होंगे। एक बार जब टैक्सपेयर नई टैक्स व्यवस्था से बाहर हो जाता है, तो वे केवल एक बार वापस स्विच कर सकते हैं। एक बार जब वे नई व्यवस्था में वापस स्विच कर लेते हैं, तो वे भविष्य में कभी भी पुरानी व्यवस्था नहीं चुन पाएंगे। इस बीच, गैर-व्यावसायिक आय वाला कोई भी व्यक्ति हर साल नई और पुरानी टैक्स व्यवस्था के बीच स्विच कर सकता है।

4th Year Anniversary

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 21 | MONDAY 02-02-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com



# खन्ना में बड़ी वारदातः कनाडा से आई NRI बुजुर्ग महिला की बेरहमी से हत्या

## हाथ-पैर बांधकर दिया गया वारदात को अंजाम

नवीन गोगना



खन्ना, यूटर्न, 1 फरवरी। खन्ना इलाके में आज उस समय सनसनी फैल गई, जब एक 86 वर्षीय बुजुर्ग महिला की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान जसपाल कौर के रूप में हुई है, जो एक सेवानिवृत्त अध्यापिका थीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जसपाल कौर कनाडा की स्थायी निवासी थीं।






















चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
III सोमवार, 02 फरवरी 2026



पेज 08 पीएम मोदी ने उद्घाटन समारोह में आदमपुर...

# लुधियाना में LRGMA की 7वीं B2B प्रदर्शनी का भव्य शुभारंभ, पहले दिन उमड़े 2 हजार से ज्यादा खरीदार

लुधियाना, यूटर्न, 01 जनवरी। रविवार को पीएयू ग्राउंड में समर गारमेंट्स की बुकिंग के लिए लुधियाना रेडीमेड गारमेंट्स मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (LRGMA) की 7वीं बी-टू-बी प्रदर्शनी LRGMA-2026 का भव्य शुभारंभ हुआ। हर वर्ष की तरह इस बार भी कारोबारियों ने अपने बड़े ग्राहकों से दीप प्रज्वलन करवाकर प्रदर्शनी का आगाज किया। इस अवसर पर विशेष रूप से दिल्ली गांधी नगर से गगनदीप सिंह उपस्थित रहे। संस्था पदाधिकारियों ने कारोबारियों और विजिटर्स की मौजूदगी में गणेश वंदना के साथ शो का शुभारंभ किया। पहले ही दिन के अंत तक 2 हजार से अधिक विजिटर्स के पहुंचने का रिकॉर्ड दर्ज किया गया।

















## गारमेंट इंडस्ट्री की दीपावली बन चुका है शो

LRGMA के प्रधान संदीप बहल और चेयरमैन दर्शन लाल गाबा ने कहा कि यह अब केवल ट्रेड शो नहीं रहा, बल्कि गारमेंट इंडस्ट्री की दीपावली का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि यह उनकी खुशकिस्मती है कि वे हर छह माह में इस दीपावली को अपने व्यापारिक परिवार के साथ मिलकर मना पाते हैं। उन्होंने खुशी जताई कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पंजाब कैबिनेटमंत्री संजीव अरोड़ा के प्रयासों से लुधियाना व्यापार को एयरपोर्ट के जरिए नए पंख मिले हैं। साथ ही यूरोप-इंडिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट भी लुधियाना और भारतीय गारमेंट इंडस्ट्री के लिए नई संभावनाएं लेकर आ रहा है।

## उद्योग जगत की बड़ी मौजूदगी

इस मौके पर ए.एस. दुआ हन्नी, ए.एस. दुआ सन्नी, सौरभ गुप्ता, अमन सिंह गुड्डू, राजीव जैन, तरुण जैन बावा, कमल सेठिया, रजनीश गुप्ता, सुभाष सैनी, इंदरमोहन काला, कांति ठुकराल सहित बड़ी संख्या में उद्योग जगत के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



Happy Birthday



आंचल









# आपसी भाईचारे की मिसाल है अखंड महायज्ञ - विधायक बग्गा



दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव को दिया निमंत्रण



स्वदेशी जागरण मंच पंजाब, हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश के संगठन मंत्री श्री विनय कुमार जी को अखंड महायज्ञ के लिए आमंत्रित किया



विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा को दिया निमंत्रण

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। मां बग्लामुखी मंदिर के महंत प्रवीण चौधरी के सानिध्य में 11 फरवरी से 21 फरवरी 2026 तक पक्खोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने वाले 243 घंटे के अखंड महायज्ञ को लेकर तैयारियां जोरो शोरो से चल रही है।

देश भर में बैठे लाखों भक्त, राजनितिक, सामाजिक, धार्मिक प्रतिनिधियों को अखंड महायज्ञ के लिए निमंत्रण भेंट किए जा रहे है। इसी कड़ी के तहत मां बगलामुखी धाम प्रमुख महंत प्रवीण जी,मां बगलामुखी के अन्नय भक्त सेवादार व पूर्व आईएएस मनप्रीत छतवाल, सेवक नमनजोत छतवाल, कर्ण शांडिल्या, मोहित सूद, राणा रणजीत सिंह, प्रशोतम चौधरी, बौवी मक्कड, रमन शर्मा, गुनीत खेड़ा, अरूण, चेतन टंडन सहित सेवादारो ने विधायक मदन लाल बग्गा, दलित विकास बोर्ड पंजाब सरकार के चैयरमैन विजय दानव, सीनीयर डिप्टी मेयर राकेश पराशर, स्वदेशी जागरण मंच पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश के संगठन मंत्री विनय कुमार सहित गणमान्यों को अखंड महायज्ञ का निमंत्रण भेंट किया। विधायक मदन लाल बग्गा ने अखंड महायज्ञ का निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि मां बगलामुखी के दरबार से सबकी झोलियां भरती हैं। मां बगलामुखी धाम में आयोजित होने वाला अखंड महायज्ञ से समाज में नई ऊर्जा आएगी वही इसके साथ साथ अखंड महायज्ञ कई वर्षो से आपसी भाईचारे की प्रेरणा बनता आ रहा है। विजय दानव ने मां बगलामुखी जी की उपासना से वाणी की शक्ति बढ़ती है और वह वाद-विवाद में विजयी होता है। राकेश पराशर ने कहा कि मां बगलामुखी संसार का कल्याण करने वाली देवी हैं। यज्ञ से देवी-देवता, मनुष्य अर्थात संसार के सभी प्राणियों का जनकल्याण होता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

**Mens Rea: अपराध में नीयत का महत्व क्यों तय करता है नतीजा?**

अक्सर लोग कहते हैं— 'गलती तो हो गई, लेकिन इरादा नहीं था।' कानून में इस बात का विशेष महत्व है। किसी अपराध में केवल घटना का होना ही पर्याप्त नहीं होता, बल्कि यह भी देखा जाता है कि वह किस नीयत से किया गया। इसी मानसिक तत्व को कानूनी भाषा में Mens Rea कहा जाता है।

Mens Rea का अर्थ है—अपराध करने के समय व्यक्ति की मानसिक स्थिति। क्या काम जानबूझकर किया गया? क्या परिणाम का अंदाजा था? क्या लापरवाही इतनी गंभीर थी कि उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता? इन सवालों के जवाब से तय होता है कि मामला किस श्रेणी में जाएगा और सजा कितनी होगी।

कानून यह मानता है कि हर गलती अपराध नहीं होती। दुर्घटना, साधारण भूल या अनजाने में हुआ नुकसान और जानबूझकर किया गया कृत्य—इन दोनों के बीच बड़ा अंतर है। इसलिए कई मामलों में वही घटना अलग-अलग नतीजों तक पहुँचती है, क्योंकि नीयत अलग होती है।

हालाँकि कुछ अपराध ऐसे भी हैं, जहाँ Mens Rea की आवश्यकता सीमित या नहीं के बराबर होती है। ऐसे मामलों में कानून सामाजिक हित को प्राथमिकता देता है और परिणाम पर ज्यादा ध्यान देता है। लेकिन सामान्यतः आपराधिक न्याय प्रणाली नीयत को नजरअंदाज नहीं करती।

अदालत Mens Rea का आकलन सीधे मन पढ़कर नहीं करती। परिस्थितियाँ, आचरण, बयान और घटनाक्रम—इन सबके आधार पर यह तय किया जाता है कि व्यक्ति की मानसिक स्थिति क्या थी। इसलिए नीयत अक्सर मामले की दिशा बदल देती है।

निष्कर्ष: Mens Rea अपराध की आत्मा मानी जाती है। बिना नीयत के हुई भूल और जानबूझकर किए गए कृत्य के बीच कानून साफ फर्क करता है। न्याय तभी संतुलित रहता है, जब घटना के साथ-साथ उसके पीछे की मानसिक स्थिति को भी समझा जाए।

## रूह से रूबरू






चारू नागपाल

### बजट 2026

संसद के पटल पर शब्द सजे,  
अंकों में सपनों की तस्वीर रचे।  
कागज पर भविष्य लिखा गया,  
बजट 2026 आज रखा गया।  
किसान की मिट्टी, श्रमिक का पसीना,  
हर पंक्ति में उनका ही आईना।  
खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य की बात,  
आशा से भरी हर नई सौगात।  
कहीं स्टार्टअप को पंख दिए,  
कहीं गरीब के दुख भी गिने।  
डिजिटल भारत, हरित विचार,  
विकास और पर्यावरण का समन्वय अपार।  
कर की भाषा में संतुलन खोजा,  
मध्यम वर्ग का बोझ भी तौला।  
युवा, नारी, वृद्ध सभी का ध्यान,  
समावेशी विकास का रखा गया मान।  
बजट नहीं बस आँकड़ों का खेल,  
यह देश की दिशा का है मेल।  
आज जो बीज यहाँ बोए जाएँ,  
कल भारत को ऊँचाइयाँ दिलाएँ।

## राम नाम से मिलता है भय, तनाव और पापों से मुक्ति : संत अश्वनी बेदी







लुधियाना 1 फरवरी। श्री राम पार्क , बसंत रोड पर स्थित मंदिर , श्री राम शरणम्‌में साप्ताहिक सत्संग में संस्था के प्रमुख संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने राम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि , हमारे गुरुदेव परम पूज्य श्री स्वामी सत्यानंद जी महाराज की वाणी है कि -राम नाम सभी दुख दूर करता है और सभी सुखों का दाता है, तो यह केवल एक भावनात्मक बात नहीं, बल्कि एक गहरा आध्यात्मिक सत्य है।

संसार में तीन प्रकार के ताप दुख माने गए हैं: दैहिक शारीरिक, दैविक प्राकृतिक और भौतिक सांसारिक। राम नाम इन तीनों दुखों




को हरने वाला है।

मानसिक शांतिः आज के युग में सबसे बड़ा दुख तनाव और चिंता है। राम नाम का निरंतर जप मन के विक्षेपों को शांत करता है। जब मन स्थिर होता है, तो आधे दुख स्वतः समाप्त हो जाते हैं।

भय से मुक्तिः मृत्यु का भय हो या भविष्य की चिंता, राम नाम का आश्रय लेने वाले भक्त को 'अभय' का वरदान प्राप्त होता है। हनुमान जी इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं, जिन्होंने राम नाम के बल पर असंभव कार्यों को भी सुगम बना दिया।

पापों का नाशः आध्यात्मिक मान्यता है कि जिस प्रकार अग्नि की एक चिंगारी रुई के ढेर को जला देती है, उसी प्रकार राम नाम का एक उच्चारण जन्मों-जन्मों के संचित पापों , दुखों के मूल कारण को भस्म कर देता है।

सुखों का दाताः आनंद का अक्षय स्त्रोत...राम नाम केवल दुखों को दूर ही नहीं करता, बल्कि जीवन में सच्चे सुख और ऐश्वर्य की स्थापना भी करता है।

## श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर चहलां में महाशिवरात्रि की तैयारी शुरू



लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। श्री मुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर मुक्तिधाम चहलां, समराला में रविवार एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष चंद्र मोहन शर्मा ने की। उन्होंने बताया कि 15 फरवरी को महाशिवरात्रि बड़ी धूमधाम से मनाई जा रही है। शिवरात्रि की तैयारियों को देखते हुए शिव भक्तों की अलग-अलग जिम्मेदारियाँ लगाई गई हैं। इस बार मंदिर कमेटी द्वारा 7 गेट बनाए जाएंगे, जिन पर नंबर लिखे होंगे।

# बजट 2026: इंफ्रा और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर, टैक्सपेयर्स को सीमित राहत

नई दिल्ली, यूटर्न, 1 फरवरी। रविवार होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश किया। यह मोदी सरकार का लगातार नौवां पूर्ण बजट है। बजट को लेकर उद्योग, व्यापार, मैन्युफैक्चरिंग और आम नागरिकों के बीच अलग-अलग प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं।

## बजट की बड़ी बातें

वित्त मंत्री ने बजट में इनकम टैक्स स्लैब में कोई बदलाव नहीं किया। मध्यम वर्ग और टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत नहीं मिल सकी। सरकार ने राजकोषीय घाटे को नियंत्रण में रखते हुए आर्थिक संतुलन पर फोकस किया है। बजट में इंफ्रास्ट्रक्चर पर बड़े निवेश का लक्ष्य रखा गया है, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक विकास को गति मिलने की उम्मीद है। हालांकि एमएसएमई, कृषि और रोजगार सेक्टर को लेकर अपेक्षित समर्थन न मिलने पर कई विशेषज्ञों ने निराशा जताई है।

## महत्वपूर्ण घोषणाएं

- सरकार ने 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर शुरू करने की घोषणा की है, जिससे कनेक्टिविटी मजबूत होगी।
- इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 के तहत तकनीक और उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा निवेश प्रस्तावित किया गया है।
- मेडिकल, कृषि और पर्यावरण क्षेत्रों में नई योजनाओं की रूपरेखा पेश की गई है।
- सरकार ने नया आयकर अधिनियम 2025 लागू करने की घोषणा की है, जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी होगा।

## उद्योग जगत की प्रतिक्रिया

### F&O ट्रेडिंग पर STTax बढ़ाना समय की मांग : राजीव गर्ग



NITMA के पूर्व अध्यक्ष राजीव गर्ग ने कहा कि बजट काफी हद तक पिछले वर्ष जैसा है, सरकार टेक्स स्लैब में पहले ही राहत दे चुकी है। लेकिन स्टॉक मार्केट को लेकर उठाया गया कदम सराहनीय है, जिससे बाजार को सही दिशा मिलेगी। डेरिवेटिव्स (F&O) ट्रेडिंग पर Securities Transaction Tax (STT) बढ़ाया गया है, जिससे ट्रेडिंग महंगी हो जाएगी।

### मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करने वाला : एस.सी. रल्हन



FIEO इंडिया के अध्यक्ष एस.सी. रल्हन ने कहा कि बजट कुल मिलाकर अच्छा है और यह मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बूस्ट करेगा। लेदर, फार्मा और कस्टम नियमों को आसान बनाना, इंडस्ट्रियल व मेगा पार्क का विकास और स्टार्टअप्स के लिए 1.5 करोड़ रुपये का फंड बहुमुखी विकास की ओर इशारा करता है।

### ऑटोमेशन पर फोकसड बजट : अविनाश गुप्ता



FIEO मैनेजिंग कमेटी मेंबर अविनाश गुप्ता ने कहा कि इंडस्ट्री में ऑटोमेशन पर फोकस दूरदर्शी कदम है। सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए 40 हजार करोड़ रुपये का निवेश ऑटोमेशन को नई ऊंचाई देगा, वहीं कंटेनर निर्माण के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान अहम है। बजट के दिन एयरपोर्ट से जुड़ी घोषणाएं भी सराहनीय हैं।

### मेगा पार्क और टेक्निकल टेक्सटाइल पर जोर : कमल ओसवाल



नाहर समहू के एम-डी कमल ओसवाल ने कहा की उद्योग को बड़े पैमाने पर बढ़ाने के लिए सरकार 'चैलेंज मोड' चयन प्रक्रिया के तहत मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित करेगी। इन पार्कों में टेक्निकल टेक्सटाइल को प्राथमिकता दी जाएगी, जो मेडिकल, डिफेंस और इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए बेहद अहम हैं।

### 'फाइबर टू फैशन' मॉडल पर सरकार का फोकस : सिद्धार्त खन्ना



NITMA के अध्यक्ष सिद्धार्त खन्ना केंद्रीय बजट 2026-27 में टेक्सटाइल सेक्टर के लिए ऐतिहासिक नीति ढांचा पेश किया गया है, जिससे पारंपरिक सहायता प्रणाली से आगे बढ़कर हाई-ग्रोथ 'फाइबर टू फैशन' इंटीग्रेटेड मॉडल की ओर बदलाव का संकेत मिला है। रोजगार और निर्यात में टेक्सटाइल उद्योग की अहम भूमिका को देखते हुए सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर, सस्टेनेबिलिटी और एमएसएमई लिक्विडिटी को मजबूत करने के लिए व्यापक उपायों की घोषणा की है।

### निर्यात प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा : संजीव गर्ग



गर्ग एक्रेलिक के चेयरमैन संजीव गर्ग ने कहा की गारमेंट और लेदर निर्यातकों के लिए ड्यूटी-फ्री इनपुट पर एक्सपोर्ट ऑब्लिगेशन अवधि 6 महीने से बढ़ाकर 12 महीने कर दी गई है, जिससे वैश्विक बाजार की अनिश्चितता में उन्हें ऑपरेशनल लचीलापन मिलेगा।

### ग्रामीण सशक्तिकरण की पहल : जे आर सिंघल



जेआरएस ईस्टमैन के चेयरमैन जे आर सिंघल ने कहा की महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत ODOP योजना को मजबूती देते हुए खादी और ग्राम उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार से जोड़ने, ब्रांडिंग, प्रक्रिया आधुनिकीकरण और गुणवत्ता सुधार पर फोकस किया जाएगा, जिससे ग्रामीण युवाओं और कारीगरों को लाभ मिलेगा।

### ट्रांसपोटशन होगी पॉकेट फ्रेंडली : संजीव पाहवा



राल्सन टायर्स के चेयरमैन संजीव पाहवा ने कहा कि सरकार द्वारा घोषित 7 हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर देश की कनेक्टिविटी और आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देंगे। इससे इंडस्ट्री के लिए लॉजस्टिक्स, ट्रांसपोटशन और ज्यादा पॉकेट फ्रेंडली बनेगी। इंडस्ट्री पर्तिस्पर्धा में कपिटेटिव बनेगी।

### ग्रामीण सशक्तिकरण की पहल : रमेश जगोता



यंग मैन ब्लैंकेट ग्रुप के चेयरमैन रमेश जगोता महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के तहत डऊढढ योजना को मजबूती देते हुए खादी और ग्राम उद्योगों के लिए वैश्विक बाजार से जोड़ने, ब्रांडिंग, प्रक्रिया आधुनिकीकरण और गुणवत्ता सुधार पर फोकस किया जाएगा, जिससे ग्रामीण युवाओं और कारीगरों को लाभ मिलेगा।

## आम नागरिकों को राहत

कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की दवाओं पर छूट देने का ऐलान किया गया है, जिससे इलाज सस्ता होगा। बजट में स्वास्थ्य, महंगाई और सामाजिक कल्याण पर भी ध्यान दिया गया है, हालांकि प्रतिक्रियाएं मिली-जुली रहीं।

# प्रशासनिक लापरवाही बनी बजट कटौती की वजह: मनीष तिवारी



चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। चंडीगढ़ से सांसद मनीष तिवारी ने बजट में कटौती को लेकर चंडीगढ़ प्रशासन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि बजट में कमी का मुख्य कारण प्रशासन द्वारा आवंटित धनराशि का पूरा उपयोग न कर पाना है। सांसद के अनुसार, यह केवल वित्तीय आंकड़ों का मामला नहीं, बल्कि कमजोर प्रशासनिक कार्यप्रणाली का परिणाम है। मनीष तिवारी ने सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा करते हुए बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार ने चंडीगढ़ के लिए करीब 6,187 करोड़ रुपये का बजट तय किया था, लेकिन संशोधित अनुमानों के अनुसार प्रशासन वर्ष के अंत तक केवल 5,556 करोड़ रुपये ही खर्च कर सका। यानी लगभग 630 करोड़ रुपये बिना खर्च हुए रह गए। उनका कहना है कि बजट का यह अप्रयुक्त हिस्सा उन विकास कार्यों और जनहित योजनाओं का प्रतीक है, जो या तो समय पर पूरी नहीं हो सकीं या शुरू ही नहीं हो पाई।

# संदिग्ध परिस्थिति में दंपती की मौत, अचानक तबीयत बिगड़ी, 11 महीने पहले हुई थी शादी



बठिंडा/यूटर्न/1 फरवरी। बठिंडा के तलवंडी साबो में एक पति-पत्नी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। दोनों की तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, तलवंडी साबो कस्बे के मेहरमियां समुदाय से जुड़े रमनदीप सिंह (31) और उनकी पत्नी मनजोत कौर की कल देर रात अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें उल्टियां होने लगीं। दोनों को तुरंत शहीद बाबा दीप सिंह सिविल अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने मनजोत कौर को मृत घोषित कर दिया। वहीं, रमनदीप सिंह ने भी इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। बताया गया है कि दोनों की शादी करीब 11 महीने पहले हुई थी। सुबह सूचना मिलने के बाद डीएसपी तलवंडी साबो हरप्रीत सिंह ने बताया कि तलवंडी साबो पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि, अभी तक पति-पत्नी की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। डॉक्टरों के मुताबिक, मृतकों के शवों का पोस्टमॉर्टम होने के बाद ही मौत के सही कारणों के बारे में कुछ कहा जा सकता है।

# डेराबस्सी में गुरु रविदास महाराज का 649वां प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया



डेराबस्सी, यूटर्न, 01 जनवरी। डेराबस्सी स्थित श्री गुरु सिंह सभा पहाड़ी गेट गुरुद्वारा साहिब में शनिवार को श्री गुरु रविदास महाराज जी का 649वां प्रकाश पर्व पूरी श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक मयार्दा के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस पावन अवसर पर गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजाए गए।

दीवानों के दौरान रागी जत्थों द्वारा गुरबाणी कीर्तन प्रस्तुत किया गया, जिसके माध्यम से संगत को नाम सिमरण और गुरु महाराज की वाणी से जोड़ा गया। कार्यक्रम के अंत में सर्वजन कल्याण की कामना करते हुए अरदास की गई।

इस धार्मिक समागम में भाजपा नेता मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू, रविंदर वैष्णव तथा मंडल प्रधान पवन धीमान विशेष रूप से गुरुद्वारा साहिब पहुंचे और गुरु महाराज के समक्ष माथा टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने संगत को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गुरु रविदास महाराज जी की वाणी और उपदेश समाज को समानता, भाईचारे, आपसी सौहार्द और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं, जो आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और सेवादारों द्वारा मनप्रीत सिंह (बन्नी) संधू को सरोपा पहनाकर तथा गुरु रविदास महाराज जी की तस्वीर भेंट कर सम्मानित किया गया। इसके उपरांत गुरु का अटूट लंगर लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संगत ने पंक्तियों में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। समागम के दौरान पूरे वातावरण में शांति, सद्भाव, सहयोग और आपसी भाईचारे का संदेश गूंजता रहा।

# पीएम मोदी ने उद्घाटन समारोह में आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदला, हलवारा एयरपोर्ट का किया वर्चुअल उद्घाटन

चंडीगढ़/यूटर्न/1 फरवरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को पंजाब पहुंचे। जहां वह जालंधर के डेरा सचखंड बल्लां साहिब में नमस्तक हुए। आदमपुर एयरपोर्ट का उद्घाटन किया और सम्मानित संत और समाज सुधारक की जयंती पर उन्हें सम्मान देने के लिए इसका नाम बदलकर श्री संत गुरु रविदास जी एयरपोर्ट कर दिया। वहीं पीएम मोदी की ओर से लुधियाना में हलवारा एयरपोर्ट पर नई टर्मिनल बिल्डिंग का वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया। इस दौरान पीएमओ के एक बयान में कहा गया कि संत गुरु रविदास जी की 649वीं जयंती के शुभ अवसर पर, आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलना उस सम्मानित संत और समाज सुधारक को सम्मान देता है, जिनकी समानता, करुणा और मानवीय गरिमा की शिक्षाएं भारत के सामाजिक मूल्यों को प्रेरित करती रहती हैं। हलवारा में नया टर्मिनल पंजाब में एविएशन इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाने के लिए डिजाइन किया गया है, जो लुधियाना और इसके आस-पास के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण गेटवे प्रदान करेगा। पहले, लुधियाना का एयरपोर्ट एक छोटे रनवे के साथ संचालित होता था, जिससे इसकी क्षमता केवल छोटे आकार के विमानों को संभालने तक सीमित थी। हलवारा में नए विकसित सिविल एन्क्लेव में एक लंबा रनवे है, जो अब क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए A320-प्रकार के विमानों को समायोजित करने में सक्षम है।





सांसद राजिंद्र गुप्ता सीएम मान के साथ एयरपोर्ट पर पहुंचे

## पीएम का विकास पर फोकस

पीएमओ के बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के स्थायी और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार विकास के दृष्टिकोण के अनुरूप, टर्मिनल में कई हरित और ऊर्जा-कुशल विशेषताएं शामिल हैं, जिसमें एलईडी लाइटिंग, इंसुलेटेड छत, वर्षा जल संचयन प्रणाली, सीवेज और जल उपचार संयंत्र, और लैंडस्केपिंग के लिए पुनर्नवीनीकरण पानी का उपयोग शामिल है।

## अपडेटेड सुविधाएं देंगी फायदा

उम्मीद है कि अपडेटेड सुविधाएं बड़े विमानों के लिए सुचारू संचालन को आसान बनाएंगी और एक ऐसा यात्रा वातावरण प्रदान करेंगी जो क्षेत्र की पहचान को उजागर करेगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि एयरपोर्ट अपग्रेड बेहतर हवाई पहुंच को सक्षम करके लुधियाना के औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करेगा।

## हलवारा एयरपोर्ट के उद्घाटन में शामिल हुए सीएम मान

वहीं रविवार को लुधियाना स्थित हलवारा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया गया। जिसमें केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री श्री किंजरापु राम मोहन नायडू, केंद्रीय नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, विधायक मदन लाल बग्गा, दलित विकास बोर्ड के चेयरमैन विजय दानव समेत कई आप लीडर मौजूद रहे। इस दौरान सभी हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन में उपस्थित थे।




## वक्त ने ली करवट, नहीं शामिल हो सके मंत्री अरोड़ा

लुधियाना शहर को हलवारा एयरपोर्ट दिलाने में सबसे ज्यादा निरंत्र मेहनत कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने की। लेकिन रविवार को जब एयरपोर्ट का उद्घाटन करने का समय आया तो वह बीमार होने के चलते उपस्थित नहीं हो सके। स्टेज पर लगी उनकी खाली कुर्सी देख लोग उन्हें ढूंढते रहे। 22 जनवरी 2022 को मंत्री अरोड़ा द्वारा राज्यसभा सांसद रहते हुए इस एयरपोर्ट के निर्माण की शुरूआत की थी। जिसके बाद अब एक फरवरी 2026 को उनका यह सपना पूरा हो सका।

# मंत्री संजीव अरोड़ा की कोशिशें रंग लाईं, हलवारा एयरपोर्ट टर्मिनल का हुआउद्घाटन, स्वास्थ्य कारणों से अरोड़ा मौजूद नहीं रह पाए

चंडीगढ़/यूटर्न/1 फरवरी। पंजाब सरकार ने रविवार को कहा कि गुरु रविदास/हलवारा एयरपोर्ट के सिविल टर्मिनल का सफल उद्घाटन उद्योग और वाणिज्य मंत्री संजीव अरोड़ा के नेतृत्व में किए गए लगातार, निरंतर और बहु-स्तरीय प्रयासों का नतीजा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली टर्मिनल का उद्घाटन किया, जो लुधियाना में लंबे समय से प्रतीक्षित एयरपोर्ट को चालू करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। एक आधिकारिक बयान में, पंजाब सरकार ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट प्रोजेक्ट कई एजेंसियों से जुड़े प्रक्रियात्मक देरी और समन्वय चुनौतियों के कारण सालों से अटका हुआ था। इसमें कहा गया है कि अरोड़ा ने पद संभालने के बाद इस प्रोजेक्ट को प्राथमिकता पर लिया और नियमित समीक्षाओं और केंद्रीय मंत्रालयों, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, रक्षा अधिकारियों और जिला प्रशासनों के साथ बातचीत के माध्यम से इसकी प्रगति की व्यक्तिगत रूप से निगरानी की।



## मंत्री ने किया लगातार फॉलोअप

अधिकारियों ने कहा कि मंत्री के लगातार फॉलो-अप से जमीन, सुरक्षा मंजूरी और तकनीकी स्वीकृतियों से संबंधित मुद्दों को हल करने में मदद मिली, जिससे प्रोजेक्ट उद्घाटन के चरण तक पहुंच सका। सरकार ने एयरपोर्ट को एक रणनीतिक बुनियादी ढांचा संपत्ति बताया, जिसे लुधियाना के औद्योगिक इकोसिस्टम को मजबूत करने, निर्यात को सुविधाजनक बनाने और व्यापार यात्रियों और पंजाबी डायस्पोरा के लिए कनेक्टिविटी में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## समय के साथ किए प्रयासों का नतीजा

एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि हलवारा एयरपोर्ट का चालू होना किसी एक फैसले का नतीजा नहीं है, बल्कि समय के साथ किए गए लगातार और समन्वित प्रयासों का नतीजा है। उन्होंने बार-बार आने वाली बाधाओं के बावजूद प्रोजेक्ट को पटरी पर रखने में अरोड़ा की भूमिका को श्रेय दिया। नए उद्घाटन किए गए सिविल टर्मिनल से क्षेत्र के मौजूदा एयरपोर्ट पर दबाव कम होने और लुधियाना और आसपास के जिलों के उद्योगपतियों और निर्यातकों के लिए यात्रा के समय में काफी कमी आने की उम्मीद है। अधिकारियों ने कहा कि एयरपोर्ट प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी पैदा करेगा और निवेश गंतव्य के रूप में पंजाब की अपील को बढ़ाएगा।

## स्वास्थ्य कारणों से नहीं हुए उपस्थित

हालांकि अरोड़ा अपरिहार्य स्वास्थ्य कारणों से उद्घाटन में शारीरिक रूप से मौजूद नहीं हो सके, सरकार ने कहा कि यह मील का पत्थर एक लंबे समय से पोषित दृष्टिकोण की सफलता को दर्शाता है। एक संदेश में, मंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि एयरपोर्ट पंजाब के लिए विकास इंजन के रूप में काम करेगा, जो बुनियादी ढांचे के विकास को आर्थिक विस्तार और समावेशी प्रगति के साथ जोड़ेगा। आदमपुर एयरपोर्ट का नाम बदलकर श्री गुरु रविदास जी एयरपोर्ट करना भी एक सार्थक कदम बताया गया, जो पंजाब की सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ उसकी विकास प्राथमिकताओं को रेखांकित करता है।

# पहले दिन से जनता के साथः मेयर जोशी 2 फरवरी को लगाएंगे जनता दरबार, आम जनता की समस्याओं का होगा सीधा समाधान

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/1 फरवरी। नागरिकों की भागीदारी को मजबूत करने और संवेदनशील व जवाबदेह प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए शहर के मेयर श्री सौरभ जोशी 2 फरवरी 2025 (सोमवार) को 'जनता दरबार' का आयोजन करेंगे। यह जनता दरबार सुबह 11 बजे मेयर कार्यालय, पांचवीं मंजिल, नगर निगम भवन, सेक्टर-17, चंडीगढ़ में आयोजित होगा।



इस पहल की जानकारी देते हुए मेयर ने कहा कि जनता दरबार 'सिटी ब्यूटीफुल' के निवासियों के लिए एक सीधा मंच होगा, जहां वे नगर निगम से जुड़ी सभी सेवाओं से संबंधित अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे मेयर के समक्ष रख सकेंगे। नागरिक अपनी बात व्यक्तिगत रूप से रख सकेंगे, जिन्हें मौके पर ही संबंधित अधिकारियों द्वारा दर्ज किया जाएगा, ताकि शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जा सके। मेयर ने बताया कि जनता दरबार के दौरान नगर निगम आयुक्त सहित एमसी चंडीगढ़ के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम भी मौजूद रहेगी, जिससे समस्याओं की तुरंत समीक्षा कर फैसलों में तेजी लाई जा सकेगी। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक प्रयास नागरिकों और प्रशासन के बीच की दूरी को कम करने के साथ-साथ सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा।

Uturn Time 01 Feb 2026_Layout 2 01-02-2026 23:48 Page 9



# बाजार का हाल: बजट से दलाल स्ट्रीट निराश, सेंसेक्स 1,547 अंक नीचे, निफ्टी 24,850 से नीचे फिसला

चंडीगढ़/यूटर्न/1 फरवरी। 1 फरवरी को बजट के दिन एक उतार-चढ़ाव भरे सेशन में, भारतीय इक्विटी इंडेक्स कमजोर नोट पर बंद हुए, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने केंद्रीय बजट भाषण में इक्विटी एफएंडओ ट्रेडिंग पर सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (एसटीटी) में बढ़ोतरी की घोषणा के बाद निफ्टी इंट्राडे में 24,600 से नीचे फिसल गया। भारतीय इक्विटी इंडेक्स कमजोर नोट पर खुले और पहले हाफ में सीमित दायरे में कारोबार किया। हालांकि, एफएंडओ ट्रेड पर एसटीटी में बढ़ोतरी की घोषणा ने निफ्टी को दिन के निचले स्तर 24,571.75 पर ला दिया। हालांकि इंडेक्स ने मिड-सेशन में रिकवर किया, लेकिन बढ़त बनाए रखने में नाकाम रहा और आखिरकार भारी नुकसान के साथ बंद हुआ। बंद होने पर, सेंसेक्स 1,546.84 अंक या 1.88 प्रतिशत गिरकर 80,722.94 पर और निफ्टी 495.20 अंक या 1.96 प्रतिशत गिरकर 24,825.45 पर बंद हुआ।



## ब्रॉडर इंडेक्स का बेंचमार्क इंडेक्स से खराब प्रदर्शन

ब्रॉडर इंडेक्स ने बेंचमार्क इंडेक्स से खराब प्रदर्शन किया, जिसमें निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 2.2 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 2.8 प्रतिशत गिरा। निफ्टी में सबसे ज्यादा गिरने वाले शेयरों में ओएनजीसी, एसबीआई, हिंडेलको इंडस्ट्रीज, अदानी पोर्टस, भारत इलेक्ट्रानिक्स शामिल थे, जबकि बढ़ने वाले शेयरों में विपरो, टीसीएस, सन फार्मा, मैक्स हेल्थकेयर, इनफोसेस थे। सेक्टरों में, आईटी को छोड़कर, बाकी सभी इंडेक्स लाल निशान में बंद हुए, जिसमें मेटल इंडेक्स 3.8%, पीएसयू बैंक 4%, ऑयल एंड गैस 2.7%, कैपिटल गुड्स 3% गिरे।

## कई के शेयर नीचे गिरे

स्टॉक स्पेसिफिक में, एसटीटी को 0.05 तक बढ़ाने पर बीएसई लिमिटेड के शेयर 7% गिरे, केंद्रीय बजट 2026 में बूस्ट के बाद इजी ट्रिप के शेयर 2% बढ़े, यूपीआई स्कीम से जुड़े इंसेंटिव बूस्ट पर पेटीएम के शेयर 5% बढ़े। लगभग 250 स्टॉक अपने 52-हफ़्ते के निचले स्तर पर पहुँच गए, जिनमें क्लीन साइंस, केपीआईटी टेक्नोलॉजीज, अकजो नोबेल, गोदरेज प्रॉपर्टीज, प्रीमियर एनर्जीज, आईटीसी, ब्लू जेट, पॉली मेडिक्योर, आईईएक्स, एसबीआई कार्ड, आईआरसीटीसी, एक्साइड इंडस्ट्रीज, इंडियन होटल्स, पतंजलि फूड्स, कॉनकॉर्ड बायोटेक, एसीसी, एलटी टेक्नोलॉजी, और अन्य शामिल हैं।

# बजट केंद्र सरकार ने जारी किया, जबकि किसान पंजाब में मंत्रियों-विधायकों के घर घेरेंगे, बोले - केंद्रीय बजट से निराशा

पंजाब/यूटर्न/1 फरवरी। पंजाब के किसान संगठनों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने की पूरी तैयारी कर ली है। आगामी 5 फरवरी को किसान पूरे पंजाब में कैबिनेट मंत्रियों और सत्ताधारी विधायकों के आवासों का घेराव करेंगे। इसी कड़ी में अमृतसर में कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ के न्यू अमृतसर स्थित आवास के बाहर बड़ा प्रदर्शन किया जाएगा। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने प्रेस को संबोधित करते हुए कहा कि यह आंदोलन सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ है। पंधेर ने हाल ही में पेश हुए केंद्रीय बजट को 'कॉपोरेट समर्थक' बताते हुए इसकी तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा: बजट में शिक्षा, स्वास्थ्य और मनरेगा जैसे बुनियादी क्षेत्रों की अनदेखी की गई है।



## आंदोलन की रणनीति: घर से लंगर लेकर पहुंचें

किसान नेता ने आम जनता और किसानों से अपील की है कि वे 5 फरवरी के घेराव को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में अपने घरों से लंगर, दूध और राशन लेकर पहुंचें। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सरकार ने अब भी उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो संघर्ष को आने वाले दिनों में और भी तेज और निर्णायक बनाया जाएगा।

## किसानों की मुख्य मांगें

फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) पर पक्का कानून, किसानों और मजदूरों के लिए कर्ज माफी की योजना, शंभू और खनौरी बॉर्डर पर शहीद हुए किसानों के लिए घोषित 3 करोड़ 77 लाख रुपये का मुआवजा अभी तक नहीं दिया गया है। आंदोलन के दौरान किसानों पर हुई कार्रवाई के जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों पर सख्त कदम उठाना है।

# बजट 2026 : व्यापारियों ने बजट को लेकर दी अपनी प्रतिक्रियाएं, किसी ने कहा अच्छा, तो किसी ने एकदम अनदेखा करने के लगाए आरोप

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। केंद्र सरकार द्वारा बजट 2026 पेश कर दिया है। रविवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा यह बजट पेश किया है। इस बजट के बाद व्यापारियों द्वारा इस पर अपनी प्रतिक्रियाएं दी जा रही है। किसी की और से बजट को अच्छा बताया गया, तो किसी ने एकदम अनदेखा करने के आरोप लगाए हैं। बजट को लेकर अलग अलग इंडस्ट्री से जुड़े व्यापारियों के साथ विचार लिए गए हैं।

## साइकिल उद्योग के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं



फिको महासचिव मनजिंदर सिंह सचदेवा ने कहा कि साइकिल उद्योग के लिए कोई विशेष पैकेज पेश नहीं किया है, जबकि भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा साइकिल निमार्ता है। साइकिल क्षेत्र को फलने-फूलने के लिए सरकार की ओर से विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

## सीएलसीएसएस योजना नहीं की शुरु

फिको के प्रधान गुरमीत सिंह कुलार ने कहा कि एमएसएमई की परिभाषा को संशोधित करने के निर्णय का स्वागत है। लेकिन एमएसएमई में प्रौद्योगिकी उन्नयन की सुविधा के लिए क्रेडिट लिंक कैपिटल सब्सिडी (सीएलसीएसएस) योजना शुरू की गई थी, जिसमें अच्छी तरह से स्थापित और बेहतर प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिए 15 प्रतिशत की अग्रिम पूंजी सब्सिडी प्रदान की जाती थी। भारत सरकार ने इस योजना को निलंबित कर दिया है। जबकि उद्योग जगत की यह मांग थी।



## एमएसएमई के लिए बजट में कुछ खास नहीं



फिको के आयोजन सचिव अशप्रीत सिंह साहनी ने कहा कि एमएसएमई को अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में जाने और वैश्विक विनिर्माण उत्कृष्टता को देखने में सक्षम बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग योजना शुरू की जानी चाहिए थी, ताकि वे अपनी उत्पादकता में सुधार कर सकें। लेकिन एमएसएमई के इस बजट में कुछ खास नहीं दिया गया।

## आयकर को युक्तिसंगत नहीं बनाया



फिको के चेयरमैन के.के. सेठ ने कहा कि उद्योग की लंबे समय से लंबित मांग उद्योग के लिए आयकर स्लैब को युक्तिसंगत बनाने की थी, क्योंकि निजी लिमिटेड/सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों के लिए आयकर की अधिकतम सीमा 25 प्रतिशत है, जबकि भागीदारी फर्मों और प्रोप्राइटरशिप फर्मों पर 30 प्रतिशत की सीमा है, जो कॉपोरेट और छोटे उद्योगों को समान अवसर प्रदान नहीं करता है। हम निराश हैं कि इस बजट में भी आयकर को युक्तिसंगत नहीं बनाया गया है।

## बजट से हुई बेहद निराशा

फास्टनर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रेजिडेंट नरिंदर भमरा ने कहा कि इस बजट से बेहद निराशा हुई है। लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसई) के लिए कुछ खास नहीं किया गया। स्टील नियामक के गठन, सीएलसीएसएस योजना को फिर से शुरू करने, विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मशीनरी पर आयात शुल्क में कमी, करदाताओं के लिए सामाजिक सुरक्षा के प्रावधान आदि जैसे कदम उठाए जा सकते थे।



## टेक्सटाइल के लिए बजट अच्छा



लुधियाना वुलन मैन्योफैक्चर्स एसोसिएशन के चेयरमैन संजू धीर ने कहा कि बजट 2026 टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लिए काफी अच्छा रहा। इस बजट में टेक्सटाइल को आगे बढ़ाने पर फोक्स किया गया है। आने वाले समय में व्यापारियों को इसका फायदा मिलेगा।

## माल ढुलाई सब्सिडी शुरू होनी चाहिए थी



फिको के उप प्रधान बलदेव सिंह अमर ने कहा कि बंदरगाहों से दूर रहने वाले उत्तर भारतीय निर्यातकों के लिए माल ढुलाई सब्सिडी शुरू की जानी चाहिए थी ताकि वे बंदरगाहों के पास स्थित निर्यातकों के साथ प्रतिस्पर्धात्मकता बनाए रखने में सक्षम हो सकें।

## वर्ल्ड एमएसएमई फोरम ने वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। वर्ल्ड एमएसएमई फोरम ने निर्मला सीतारमण से इस तरह के दिशाहीन बजट पेश करने और भारत की अर्थव्यवस्था को तबाह करने के लिए वित्त मंत्री पद से इस्तीफे की मांग की है। फोरम के बादिश जिंदल ने कहा कि 16,95,768 करोड़ डॉलर का राजकोषीय घाटा देश की अर्थव्यवस्था के लिए विनाशकारी होगा। भारत को ब्याज भुगतान के रूप में 14,03,972 करोड़ डॉलर रुपये चुकाने होंगे, जो कुल बजट का 20% है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमण ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है। पिछले दो वर्षों में निर्यात 456 अरब डॉलर से घटकर 442 अरब डॉलर रह गया है। पिछले एक वर्ष में, रुपया एशिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्रा रही है, जो डॉलर के मुकाबले 84 से गिरकर 92 पर पहुंच गया है। एमएसएमई के लिए बजट वर्ष 2025-26 के लिए 22,896 करोड़ रुपये निर्धारित किया गया था, जिसे संशोधित कर 11,800 करोड़ कर दिया गया।



Uturn Time 01 Feb 2026_Layout 2 01-02-2026 23:48 Page 10



# मोंटी कारलो में ऑनलाइन ऑर्डर की आड़ में एग्जीक्यूटिव मारता रहा ठगी, कर्मी, महिला समेत तीन पर मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। इंटरनेशनल गारमेंट कंपनी मोंटी कारलो में ऑनलाइन ऑर्डर की आड़ में कंपनी का ही एग्जीक्यूटिव ठगी मारता रहा। लेकिन लगातार माल कम होने पर जब जांच हुई तो ठगी का खुलासा हुआ। बाद में पता चला कि एग्जीक्यूटिव द्वारा एक महिला और एक मेडिकल स्टोर मालिक के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया जा रहा था। जिसके बाद कंपनी ने इस संबंधी पुलिस को शिकायत दी। थाना डिवीजन नंबर छह की पुलिस ने दुगरी के राजीव शर्मा की शिकायत पर राजगुरु नगर के नितिश पाठक, बीआरएस नगर की हीना और राजगुरु नगर के बेदी मेडिकोज मालिक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। एएसआई दविंदर सिंह ने बताया कि शिकायतकर्ता राजीव शर्मा मोंटी कारलो कंपनी में बतौर वेयर हाउस मैनेजर तैनात है। जबकि आरोपी नितिश पाठक एग्जीक्यूटिव है।




## एक पीस आर्डर करके कई पीस भेजे जा रहे थे

पुलिस को दी शिकायत में शिकायतकर्ता ने कहा कि उनकी कंपनी द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर बुक किए जाते है। जिसकी पैकिंग का काम आरोपी द्वारा किया जाता था। महिला आरोपी हीना और बेदी मेडिकोज राजगुरु नगर द्वारा ऑनलाइन ऑर्डर बुक करवाए गए थे। दोनों के ऑर्डर में एक एक पीस था। लेकिन आरोपी द्वारा हीना के ऑर्डर में 16 और बेदी मेडिकोज के ऑर्डर में 12 पीस डालकर पैकिंग कर दी। शक होने पर जब जांच की तो इसका खुलासा हुआ।

# शिक्षा सेवा को समर्पित रहा कुलदीप वालिया का सेवाकाल, स्कूल में भावभीनी विदाई

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। पीएम श्री सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिमेट्री रोड में पंजाबी लेक्चरर कुलदीप वालिया शनिवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस अवसर पर स्कूल परिसर में एक भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्कूल स्टाफ और विद्यार्थियों ने उन्हें सम्मानपूर्वक विदा किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल चरणजीत कौर ने की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि कुलदीप वालिया ने अपने पूरे सेवाकाल के दौरान पूरी ईमानदारी, सादगी और समर्पण के साथ शिक्षा सेवा निभाई। उन्होंने न केवल हजारों विद्यार्थियों को पंजाबी भाषा से जोड़ा, बल्कि उन्हें अनुशासन, संस्कार और नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी दी।प्रिंसिपल चरणजीत कौर ने कहा कि शिक्षक समाज की नींव होते हैं और कुलदीप वालिया जैसे शिक्षक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा हैं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की कामना की।इस अवसर पर सेवानिवृत्त पंजाबी लेक्चरर कुलदीप वालिया ने स्कूल प्रबंधन और समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह संस्था उनके लिए केवल कार्यस्थल नहीं, बल्कि एक परिवार रही है। उन्होंने अपने लंबे सेवाकाल से जुड़ी स्मृतियों को साझा करते हुए भावुक क्षणों को याद किया।



# बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने खुराना ज्वेलरी हाउस के रॉयल कलेक्शन को पहनकर बढ़ाई शो की शान

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। फिक्की फ्लो लुधियाना द्वारा आयोजित एक्सक्लूसिव फैशन शो रियासत इझ द रॉयल कंटीन्यूअम में बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर शो-स्टॉपर रहीं। इस भव्य फैशन शो का आयोजन फ्लो लुधियाना की चेयरपर्सन श्वेता जिंदल के नेतृत्व में किया गया, जिसमें रॉयल विरासत, आधुनिक फैशन और महिला सशक्तिकरण का शानदार संगम देखने को मिला।शो में खुराना ज्वेलरी हाउस के रॉयल ज्वेलरी कलेक्शन ने सभी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। पारंपरिक शिल्पकारी और आधुनिक डिजाइन से सजी इस ज्वेलरी ने शो की भव्यता को और भी खास बना दिया।इस मौके पर बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने खुराना ज्वेलरी हाउस की गीतू खुराना, सौम्या खुराना, वैशाली खुराना और दृष्टि खुराना को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ट्रेलब्लेजर अवार्ड्स देकर सम्मानित किया।भूमि पेडनेकर ने खुराना ज्वेलरी हाउस की सराहना करते हुए कहा कि खुराना ज्वेलरी हाउस की ज्वेलरी में रॉयल एलिगेंस और मॉडर्न क्लास का बेहद खूबसूरत संतुलन देखने को मिलता है। उनकी डिजाइंस भारतीय विरासत को समकालीन अंदाज में प्रस्तुत करती हैं। इस शो में उनकी ज्वेलरी पहनकर रैंप वॉक करना मेरे लिए एक खास और यादगार अनुभव रहा।



# कुलदीप जैन सुराणा बने जैन तेरापंथ महासभा के राष्ट्रीय पदाधिकारी

लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। तेरापंथ धर्म संघ की सर्वोच्च संस्था श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ महासभा ने कुलदीप जैन सुराणा को राष्ट्रीय पदाधिकारी नियुक्त किया है। उन्हें राष्ट्रीय सहसंगठन मंत्री की जिम्मेवारी सौंपी गई है। यह घोषणा महासभा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र सिंह जी नाहटा ने राजस्थान में आयोजित वार्षिक आम सभा के बाद छोटी खाटू में की।श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महासभा तेरापंथ जैन धर्मसंघ की सर्वोच्च संस्था है। कुलदीप जैन सुराणा वर्तमान में भी श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ महासभा के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के साथ पंजाब के प्रभारी के रूप में भी पिछले 8 वर्षों से महासभा की जिम्मेदारी निभा रहे है। ध्यान रहे कि कुलदीप जैन सुराणा वर्तमान में पंजाब की सभी सभाओ की प्रतिनिधि प्रांतीय सभा के महामंत्री भी हैं। इससे पहले वे अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद में छह वर्ष तक राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य के रूप में सेवाएं दे चुके है। जब अभातेयुप ने रक्तदान का ग्रीनिज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया तब वे ही उत्तर भारत के प्रभारी भी थे। वे श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा लुधियाना के उपाध्यक्ष के अलावा पहले भी प्रांतीय सभा के महामंत्री, अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद के पंजाब प्रभारी, तेरापंथ युवक परिषद लुधियाना के दो बार अध्यक्ष व दो बार मंत्री व कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी निभा चुके है।



# एटीआईयू द्वारा लाइव बजट सेशन का आयोजन, दी प्रतिक्रियाएं




लुधियाना/यूटर्न/1 फरवरी। एटीआईयू की ओर से रविवार को सतलुज क्लब में लाइव बजट सेशन का आयोजन किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट 2026 आर्थिक विकास को गति देने, उत्पादकता बढ़ाने और लचीलापन मजबूत करने पर केंद्रित है। जिसमें इनफ्रास्ट्रचर विकास के लिए 12.2 लाख करोड़ आवंटित किए गए हैं, जो वित्त वर्ष 2026 में 11.21 लाख करोड़ से अधिक है। वित्त वर्ष 2027 के लिए सकल घरेलू उत्पाद का 4.3% लक्षित किया गया है, जो वित्त वर्ष 2026 में 4.4% था। लेकिन इसे प्राप्त करने के तरीके के बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है। वायदा और विकल्प पर प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) बढ़ाया गया है। हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणा की गई है, साथ ही शहरी आर्थिक क्षेत्रों के लिए 5,000 करोड़ का आवंटन किया गया है। एसएमई ग्रोथ फंड और आत्मनिर्भर भारत फंड में 10,000 करोड़ की अतिरिक्त राशि का आवंटन उम्मीदों से कहीं बेहतर है। इस बजट में कई तरह की चिंताएं है। जिसमें बढ़े हुए एसटीटी (स्टेट टैक्स) से व्यापार की मात्रा प्रभावित हो सकती है। राजकोषीय घाटे की पूर्ति के लिए बाजार से भारी मात्रा में उधार लेना।

**पंजाब और लुधियाना के उद्योगों पर प्रभाव...**वस्त्र और होजरी उद्योग नई नीतियों से लाभान्वित होंगे, उन्नयन और नए वस्त्र पार्कों के लिए आवंटन किया गया है। खेल उद्योग लाभान्वित होंगे। द्वितीय और तृतीयक शहरों में कॉरपोरेट्स का निवेश बढ़ेगा। जीएसटी युक्तिकरण के बाद ऑनलाइन जीएसटी रिफंड को लेकर कोई स्पष्ट नीति नहीं है, जिससे फंड अवरुद्ध हो रहे हैं और नकदी संकट पैदा हो रहा है। राज्य और केंद्र के कौशल विकास संस्थानों जैसे सीटीआर, आईटीआई के उन्नयन के लिए कोई विशेष पैकेज नहीं है, जिससे नियोक्ताओं और नौकरी चाहने वाले छात्रों की मांग के बीच के अंतर को पाटा जा सके।

Uturn Time 01 Feb 2026_Layout 2 01-02-2026 23:48 Page 11



# डीआरआई लुधियाना की बड़ी कार्रवाई; अमेरिक-कनाडा भेजे जा रहे पार्सलों से 12 किलो अफीम बरामद

नवीन गोगना

लुधियाना, यूटर्न, 1 फरवरी। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI), लुधियाना जोनल यूनिट ने नशा तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए हैं। तस्करों द्वारा यह नशा पार्सलों के माध्यम से विदेश भेजने की कोशिश की जा रही थी।

DRI अधिकारियों को पुख्ता सूचना मिली थी कि लुधियाना से अमेरिका (USA) और कनाडा के लिए बुक किए गए 7 पार्सलों में NDPS एक्ट का उल्लंघन करते हुए मादक पदार्थ छुपाकर भेजे जा रहे हैं। इस सूचना पर कार्रवाई करते हुए DRI की टीम ने लुधियाना के एक कूरियर कार्यालय में इन पार्सलों को रोककर उनकी तलाशी ली।



पार्सलों की बारीकी से जांच करने पर अधिकारियों को 30 पैकेट बरामद हुए। तस्करों ने बड़ी चालाकी से इन मादक पदार्थों को रसोई के बर्तनों और एडल्ट डायपर पैड्स (Adult Diaper Pads) के अंदर छुपाया हुआ था। इस नशे को घरेलू सामान और खाने-पीने की वस्तुओं की आड़ में तस्करी करने की कोशिश की जा रही थी। अधिकारियों के अनुसार, पार्सलों से कुल 12.118 किलोग्राम अफीम बरामद की गई है।

DRI ने NDPS एक्ट, 1985 की धाराओं के तहत पूरी खेप को जब्त कर लिया है। विभाग अब यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि ये पार्सल किसने बुक कराए थे और विदेश में इन्हें किसे भेजा जाना था। मामले की आगे की जांच तेजी से जारी

# 6 किलो 750 ग्राम गांजा सहित एक काबू

दिनेश मौदगिल

लुधियाना, यूटर्न, 1 फरवरी। जीआरपी के सीआईए द्वारा लुधियाना रेलवे स्टेशन से 6 किलो 750 ग्राम गांजा सहित एक आरोपी को काबू कर मामला दर्ज किया गया है। स्पैशल डीजीपी रेलवेज पंजाब आईपीएस शशिप्रभा द्विवेदी, एआईजी रेलवे पंजाब अमरप्रीत सिंह घुम्मण, कप्तान पुलिस इन्वेस्टिगेशन जीआरपी पंजाब बलराम राणा और उपपुलिस कप्तान जीआरपी लुधियाना के दिशा निर्देशों पर तथा इंस्पैक्टर पलविंदर सिंह इंचार्ज सीआईए जीआरपी पंजाब कैंप एट लुधियाना की हिदायतों पर बदमाशों, स्मगलरों और नशे के खिलाफ चलाई हुई मुहिम के तहत एसआई बीरबल ने पुलिस पार्टी सहित रेलवे स्टेशन लुधियाना से आरोपी अजय साहनी जिला वैशाली बिहार के पास से 6 किलो 750 ग्राम गांजा बरामद करके आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना जीआरपी में मामला दर्ज किया है। इंस्पैक्टर पलविंदर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी की उम्र लगभग 40 साल की है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन का पुलिस रिमांड लिया गया है और आरोपी से इस बारे में गहराई से पूछताछ की जाएगी।



# युवा वर्ग द्वारा धर्म के मार्ग पर चलकर समाजसेवा करने के कार्य करना अत्यंत सराहनीय व अनुकरणीय है : सौरभ जोशी

## मेयर सौरभ जोशी ने श्री शिव महापुराण कथा के लिए किया भूमि पूजन

चंडीगढ़, यूटर्न, 01 जनवरी। ओम महादेव कावड़ सेवा दल, चण्डीगढ़ द्वारा सेक्टर34 स्थित मेला ग्राउंड में 7 फरवरी से कराई जाने वाली श्री शिव महापुराण कथा के लिए कथा स्थल पर पर आज विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मेयर सौरभ जोशी जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सोनाक्षी नंदगिरी जी महाराज एवं बाबा हरजीत सिंह रसूलपुरिया जी (अयोध्या लंगर वाले) की विशेष गरिमामयी उपस्थिति रही। संत-महात्माओं के सान्निध्य में भूमि पूजन विधिवत रूप से संपन्न हुआ। सौरभ जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि आज के समय में शहर के युवा जिस प्रकार धर्म के मार्ग पर चलकर समाजसेवा कर रहे हैं, वह अत्यंत सराहनीय है। कन्या विवाह, प्रतिदिन भंडारा एवं धार्मिक आयोजनों जैसे कार्य समाज को एक नई दिशा देते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि ऐसे सभी धार्मिक और सामाजिक कार्यों में वे सदैव इन युवाओं के साथ खड़े रहेंगे।

वहीं महामंडलेश्वर सोनाक्षी नंदगिरी जी महाराज एवं बाबा हरजीत सिंह रसूलपुरिया



जी ने कहा कि वर्तमान समय में देश और धर्म को समर्पित युवाओं की अत्यधिक आवश्यकता है। उन्होंने ओम महादेव कावड़ सेवा दल द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए समाज हित में कंधे से कंधा मिलाकर सहयोग देने का संकल्प लिया।

इस भव्य कार्यक्रम में ओम महादेव कावड़ सेवा दल की टीम से गौरव श्रीवास्तव, नरेश गर्ग, हनी गुलाटी, सोनू गर्ग, अभिषेक, मनोहर लाल, अनिल, अशोक, रिंकू जैन, मोहित, शेर सिंह ठाकुर, पुनीत गोयल सहित संस्था के अनेक सदस्यगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीक बना। उल्लेखनीय है कि ओम महादेव कांवड़ सेवा दल, चण्डीगढ़ के तत्वावधान में शिव महापुराण कथा-6 का भव्य आयोजन सेक्टर 34 स्थित मेला ग्राउंड में किया जा रहा है जिसमें वृंदावन से पूज्य बाबा चित्र-विचित्र जी महाराज कथा व्यास होंगे। इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत 7 फरवरी को भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो सेक्टर-45 से सेक्टर-34 तक जाएगी। इस कलश यात्रा में देश के विभिन्न अखाड़ों से पधारे अनेक धर्मगुरु, संत-महात्मा एवं साधु-संत अपनी पावन उपस्थिति से आयोजन की शोभा बढ़ाएँगे। साथ ही कथा के अंतिम दिन 15 फरवरी को 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह भी विधि-विधान से संपन्न कराया जाएगा।




# गुरु रविदास जयंती पर विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी के गुरुद्वारों में टेका माथा

डेराबस्सी, यूटर्न, 01 जनवरी। गुरु रविदास जी के पावन जन्मदिवस के अवसर पर डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने डेराबस्सी सर्कल के विभिन्न गुरुद्वारों में माथा टेककर गुरु साहिब का आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने सर्वजन कल्याण और समाज में भाईचारे की कामना करते हुए अरदास की। विधायक रंधावा ने गांव बाकरपुर टंकी, डेरा जगाधरी, महमदपुर, अमलाला, जनेतपुर, डेराबस्सी पहाड़ी गेट तथा भांखरपुर स्थित गुरुद्वारों में हाजिरी भरी। उन्होंने संगत के साथ



बैठकर गुरु रविदास जी की पवित्र वाणी का स्मरण किया और उनके द्वारा दिए गए समानता, भाईचारे और मानवता के संदेशों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विधायक रंधावा ने कहा कि गुरु रविदास जी के उपदेश आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी ने जाति-पाति से ऊपर उठकर प्रेम, सौहार्द और आपसी एकता के साथ जीवन जीने की प्रेरणा दी, जिसे हमें अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करना चाहिए।

उन्होंने संगत से गुरु रविदास जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने और समाज में सामाजिक समरसता को मजबूत करने की अपील की। इस मौके पर क्षेत्र की संगत के साथ-साथ स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372